हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 2 मई 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

10 श्रमदान करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया



11 खर्च निगरानी टीम चुनावी गतिविधियों पर रखें पैनी नजर




## खबर संक्षेप

### किशोरी के अपहरण का अज्ञाप पर केस दर्ज

**कैथल।** किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सदर थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 29 अप्रैल को सुबह के समय अज्ञात आरोपी उसकी 15 वर्षीय पोती का अपहरण कर ले गया। जांच अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** श्याम नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। श्याम नगर निवासी अनीता ने बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान के कमरे का ताला तोड़ कर चांदी की अंगूठी, चुटकी, पाजेब, 12 हजार रुपये की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना के दौरान वह दूसरे कमरे में सोई हुई थी। शहर थाना पुलिस ने अनीता की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

### दलित साहित्य अकादमी ने मनाया स्थापना दिवस

**जींद।** भारतीय दलित साहित्य हरियाणा यूनिट ने बुधवार को अकादमी का स्थापना दिवस मनाया। जनरल सेक्रेटरी सूरजभान पातलान ने कहा कि शेष सदस्यों की नियुक्ति करके यूनिट को पूरा करें। पातलान ने जींद के काफी शिक्षाविद, कवि व साहित्यकारों से संपर्क कर अकादमी से जोड़ने के प्रयास जारी कर दिए हैं। कुछ ही दिनों में दलित समाज के लेखक, कवि व साहित्यकारों का सम्मेलन बुलाए जाने की योजना है। जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी सुमनाक्षर संबोधित कर लेखक, कवि, साहित्यकारों को प्रेरणा देकर राष्ट्रीय स्तर पर महान संगठन तैयार करेंगे।

### चोरों ने लाखों रुपये की पंचायती लाइट चुराई

**कैथल।** गांव माजरी के सरपंच सतनाम सिंह ने शिकायत दी कि उसने गांव में करीब 400 स्ट्रीट लाइटें लगवाई थी और 25/26 रोड सेफ्टी शीशे लगवाए थे। 20 सीसीटीवी कैमरे गांव की सुविधा के लिए लगवाए थे। उसने 29 अप्रैल को चैक किया तो पाया कि गांव में लगी हुई करीब 80/85 लाइटें नहीं मिली। दो कैमरे व छह रोड सेफ्टी शीशों को अज्ञात आरोपियों ने तोड़ दिया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैस सिलैंडर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सरकारी स्कूल गगड़पुर से 2 गैस सिलैंडर चोरी के मामले की जांच चौकी हरनौली पुलिस के एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा आरोपी गगड़पुर निवासी अंग्रेज राम व बलजिंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। सरकारी स्कूल गगड़पुर के प्रिंसीपल की शिकायत अनुसार 24 फरवरी की रात स्कूल की मैस से अज्ञात व्यक्ति 2 गैस सिलैंडर चुरा ले गए। आरोपियों के कब्जे से 2 चोरीशुदा सिलैंडर बरामद कर लिए गए।

### बाइक सर्विस करवा रहे युवक व मिस्त्री पर हमला

**जींद।** गांव निर्जन निवासी अजय ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सफीदों रोड पर बाइक की सर्विस कराने गया हुआ था। उसी दौरान गांव सुंदरपुरा निवासी मोहित अपने दोस्तों के साथ दो बाइकों पर पहुंचा ओर मिस्त्री नवीन पर हमला कर दिया। जब उसने मिस्त्री को बचाने की कोशिश की तो मोहित ने उस पर चाकू से दो वार किए। आरोपितों ने उसकी दुकान में भी तोड़फोड़ की। लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देख आरोपित धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अजय कर शिकायत पर मोहित को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### गेहूं की आवक बढ़ने से मंडियों में भी मार्केट कमेटी को अधिक फीस की वसूली होगी

# जींद में इस बार गेहूं की बंपर पैदावार, बीते वर्ष से पांच लाख क्विंटल ज्यादा हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में इस बार मौसम गेहूं फसल के अनुकूल रहा। जिसके चलते गेहूं की बंपर पैदावार हुई। वर्ष 2024 में जिलेभर की मंडियों में आजतक 6565040 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसके विपरित बीते वर्ष आज के दिन तक जिलेभर की मंडियों में 6059110 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई थी। इस बार बीते वर्ष से 504930 क्विंटल गेहूं की आवक अधिक हुई। गेहूं की आवक बढ़ने से मंडियों में भी मार्केट कमेटी को अधिक फीस की वसूली होगी। इस बार जिलेभर की मंडियों में गेहूं की खरीद बीते वर्ष की अपेक्षा चार दिन देरी से शुरू हुई थी। इसका कारण यह था कि मंडियों में आने वाले गेहूं में नमी की मात्रा 'यादा थी। इसे बावजूद भी गेहूं की इस बार आवक व खरीद अधिक हुई है। गेहूं की बंपर पैदावार होने से मंडियों में गेहूं ढालने के लिए भी परेशानी बनी। जिसको गंभीरता से लेते हुए डीसी ने कई बार मंडियों का दौरा किया और आढ़ती व किसान को इस परेशानी से छुट्कारा दिलाने के लिए खरीद एजेंसियों व उठान ठेकेदार को सख्ताई से उठान अधिक करने के निर्देश दिए। जिसके चलते अब तक मंडियों से 3775470 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है जोकि खरीद का 58 प्रतिशत है। अब तक मंडियों में 49729 किसानों ने गेहूं की बिक्री की है। इस बार जिलेभर में चार लाख 12 हजार एकड़ में गेहूं की फसल थी। जबकि बीते वर्ष इस बार से आठ हजार एकड़ कम में गेहूं की फसल थी। जिलेभर की मंडियों में उठान अबतक 58 प्रतिशत हुआ है। किसानों की पेमेंट अटकी हुई है। उठान के 72 घंटे बाद किसानों को गेहूं की पेमेंट मिलनी होती है। समय से उठान नहीं होने के कारण किसानों को पेमेंट के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके चलते अब तक किसानों से 14 अरब 63 करोड़ 94 लाख 65750 रुपये के खरीद एजेंसियों ने गेहूं खरीदे हैं। अब तक किसानों को सात अरब 85 करोड़, 76 लाख 21843 रुपये किसानों के खाते में डलवा दिए गए हैं। इसके वितरित छह अरब 78 लाख 18 करोड़ 43907 रुपये किसानों के बकाया हैं। मंडियों में पिछले सप्ताह उठान की गति कुछ हद तक धीमी थीए लेकिन अब मंडियों में उठान की रफ्तार बढ़ी है। जिसके चलते किसानों से खरीदी गई गेहूं की पेमेंट निर्धारित समय में हो रही है। अब आवक कम होने से उठान बढ़ा है। इस सप्ताह के अंत तक उठान का 80 प्रतिशत तक करवा दिया जाएगा। जिसके बाद किसानों को उनकी पेमेंट निर्धारित समय पर मिलेगी।

■ एफसीआई ने खरीदे गेहूं का उठान किया, अन्य एजेंसियों का उठान लंबित



**जींद।** मंडियों में गेहूं उठान कार्य में लगे श्रमिक।




**जींद।** अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

#### किस एजेंसी ने खरीदा कितना गेहूं

जिलेभर में फूड सप्लाई ने 2085150 क्विंटल गेहूं की खरीद की है जबकि हैफेड ने 2319900 क्विंटल, एफसीआई ने 130110 तो एचडब्ल्यूसी ने 2029880 क्विंटल गेहूं खरीदा है। एफसीआई ने खरीदे गए गेहूं का उठान शत प्रतिशत किया है। इसके विपरित अन्य खरीद एजेंसियों का उठान मंडियों में लंबित है।

#### उठान कार्य में लाएं और तेजी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि किसानों की फसल का एक-एक दाना निर्धारित किए गए एमएसपी रेट पर ही खरीदा जाए। खरीद के कार्य में किसी भी किसान को कोई दिक्कत आती है तो उसका तुरंत समाधान करवाएं। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला की जिन भी अनाज मंडियों में गेंहू खरीद व उठान में किसी प्रकार की कोई ढील बरती जा रही है तो त्वरित आधार पर करवाएं। उन्होंने विशेषकर उचाना, नरवाना व नरवाना की कपास मंडी में गेहू के उठान को लेकर हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन मंडियों में अतिरिक्त श्रमिक व ट्रांसपोर्टेशन लगाकर गेंहू के उठान कार्य में और तेजी लाएं ताकि बदलते मौसम के कारण गेहूं में खराबा न हो। तोल कांटे को लेकर जो भी समस्या आडे आ रही है उसका जल्द से जल्द निदान किया जाए।

## डीसी के आदेशों की पालना नहीं कर रही खरीद एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**उचाना।** आढ़तियों के साथ मीटिंग करते हुए डीएफएससी, डीएम हैफेड।

बुधवार को गेहूं के उठान की रफ्तार धीमी होने पर आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां की अगुवाई में आढ़तियों की मीटिंग हुई। आढ़तियों ने खरीद एजेंसी, प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कहा कि डीसी जींद के दौरे के बाद भी उठान की रफ्तार नहीं बढ़ी। डीसी जींद के आदेशों की पालना खरीद एजेंसी करती नजर नहीं आई। आढ़तियों द्वारा शाम चार बजे बजे मंडी के सभी गेटों को बंद करने के फैसले की जानकारी प्रशासन को मिलने के बाद डीएफएससी निशांत राठी, डीएम हैफेड पुनीत पंघाल पहुंचे। मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय में आढ़तियों के साथ मीटिंग के दौरान ट्रांसपोर्टर भी मौजूद रहे। आढ़तियों की मांग पर डीएफएससी ने कहा कि जितनी भी गाड़ी मंडी से लोडिंग होकर गोदामों के लिए जाएगी उन सबका तोल पुलिस थाना के सामने जो लक्ष्मी धर्मकांटा है उससे होगा। डीएफएससी निशांत राठी ने आढ़तियों को आश्वासन दिया कि गुरूवार को 70 हजार बैगों का उठान उचाना मंडी से किया जाएगा। एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां द्वारा अनलोडिंग प्वाइंट गोदामों में कम होने, गाड़ी की संख्या कम होने की बात मीटिंग में रखी। राठी ने कहा कि गुरूवार से खटकड़, एसआर गर्ग में प्वाइंट की संख्या उचाना मंडी के लिए बढ़ाई जाएगी। ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे अमित श्योकंद, हिमांशु ने कहा कि गाड़ी पहले भी कम नहीं थी। गाड़ी 'यादा चाहिए तो गाड़ियों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। गोदामों में अनलोडिंग प्वाइंट कम होने से एक के मुश्किल से एक चक्कर लगता है जबकि एक गाड़ी के तीन-तीन चक्कर होने चाहिए। आने वाले 72 घंटे के अंदर मंडी से अधिकांश गेहूं के बैगों का उठान हो जाएगा। वो लगातार दो दिन तक उचाना रहेंगे। यहां पर उठान के साथ-साथ गोदामों में जाकर अनलोडिंग प्वाइंटों की जांच करेंगे। किसी सूरत में आढ़तियों, किसानों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसी तरह की परेशानी अगर आढ़तियों को हो तो वो उनसे मिल सकता है।

उठान की रफ्तार गुरूवार से तेज नजर आएगी। सत्यवान पेगां ने कहा कि उठान धीमा होने से सबसे अधिक नुकसान किसान को हो रहा है। जब तक गोदामों में गेहूं के बैग नहीं पहुंचेंगे तब तक किसान के खाते में पेमेंट नहीं आएगी। मंडी में गेहूं का उठान धीमा होने से आढ़तियों को दुकानों के आगे स्टैक लगवाने पड़ रहे है। गर्मी होने से बैगों के वजन कम होने से सौरटेज आने से भी आढ़तियों को नुकसान होगा।

#### खास बातें

- आढ़तियों की चेतावनी पर अनाजमंडी पहुंचे डीएफएससी, डीएम हैफेड
- उठान की रफ्तार धीमी होने से गुस्साए आढ़ती

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर डीइइओ सौंपा ज्ञापन

■ पेंडिंग एलटीसी का बजट जल्दी जारी करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कैथल की प्राथमिक शिक्षकों की मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण मीटिंग जिला प्रधान बलवान छौत के नेतृत्व में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ हुई। इसमें उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से प्राथमिक शिक्षकों की एलटीसी पेंडिंग है उसका बजट जल्दी जारी करवाया जाए क्योंकि सरकार द्वारा निर्धारित ब्लॉक वर्ष जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बजट की डिमांड करने को कहा है ताकि पेंडिंग सभी अध्यापकों को एलटीसी मिल सके और सभी विद्यालयों को एलटीसी से संबंधित बजट जारी किया जा सके जिला महासचिव महेंद्र पाल ने अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि जिन भी विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षकों ने ज्वाइन किया है और उनकी जॉइनिंग अभी एचआरएमएस पर नहीं हुई है।अध्यापकों की सैलरी जल्दी निकलवाई जाए तथा एचआरएमएस पर उनकी पोस्ट सैंक्शन करवाया जाए ताकि भविष्य में भी किसी प्रकार की कोई समस्या न रहे। उनकी सैलरी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई तथा अधिकारी द्वारा सभी स्कूलों में मेल के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के हाजरी रजिस्टर बारे में विस्तार से चर्चा हुई जहां भी कोई समस्या है तो वह प्राथमिक शिक्षक जिला कार्यकारिणी कैथल को या अपने खंड से संबंधित खंड कार्यकारिणी को इस बारे में अवगत करवा दें। उनकी समस्या का व्यक्तिगत रूप से निवारण करवाया जाएगा। अधिकारी ने प्राथमिक अध्यापकों की विभिन्न मांगों पर अपनी सहमति दी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य वरिष्ठ उप प्रधान ईशम सिंह भारती, मनोहर लाल, मनोज, खरब, सतीश शर्मा, सुरेंद्र, नाहर सिंह, राजवीर सिंह, संजीव कुमार, महावीर सिंह, फतेह सिंह, नरेश खटकड़, मुल्तान सिंह, रामभज आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## डोर टू डोर के कर्मचारियों ने की हड़ताल

■ पालिका आयुक्त पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पालिका कार्यालय के सामने नारेबाजी करते कर्मचारी

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला प्रधान गौरव टांक व जिला सचिव विक्की टांक ने कहा कि जिला पालिका आयुक्त के साथ हुए समझौते को लागू ना करने व बार-बार की वादा खिलाफी के विरोधस्वरूप जिले मे डोर टू डोर के कर्मचारियो ने काम बंद करके धरना-प्रदर्शन किया। जिला कमेटी की तरफ से इनकी मागो व अनंदोलन का समर्थन किया। जिला प्रशासन पर बार-बार वादा खिलाफी का अरोप लगते हुए कहा कि 18, 4, 024 को डोर टू डोर के कर्मचारिओ ने काम बंद करके धरना-प्रदर्शन किया था। जिसके बाद जिला अयुक्त के साथ मिटिंग मे सभी मांगों को जायज मानते हुए 22 अप्रैल तक पूरा करने का आश्वाशन दिया। मिटिंग मे बनी सहमती के बाद संध के जिला प्रधान गौरव टांक,जिला सचिव विक्की टांक ने जिला प्रशासन का धन्यवाद के साथ हड़ताल की समाप्ती की धोषणा की लेकिन अभी तक। 8-9 कर्मचारियो का 2-3 महिने का वेतन नहीं दिया गया और लगभग एक साल से तेल-साबुन व वर्दी नही मिली। इएसआई व इपीएफ का वेतन मे से कटा गया पैसा भी कर्मचारियो के खाते मे ना डाल कर ठेकेदार हजम कर रहा है। जिले मे छ ब्लॉको मे लगभग 275 कर्मचारी एक साल से डोर टू डोर के ठेके में कार्य कर रहे ह इसके बाद भी ठेकेदार न तो समय पर वेतन देता और भी कम देता है। सप्ताहिक छुट्टी पर समझौता होने के बाद भी वेतन कटा जाता है,न तो साबून तेल दिया जाता और ओजार भी नही दिये जा रहे। इसके कारण बाद-बाद धरना-प्रदर्शन करना पडता है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने की व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन मे सैकंडो की सख्या में कर्मचारियो ने भाग लिया। गोरव टॉक व विक्की टांक ने कहा यदि जल्द ही डोर टू डोर के कर्मचारियों की सभी मांगो व समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जिले मे सभी कच्चे-पक्के कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान शिवचरण सचिव रामपाल शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री के साथ समझौता हुआ था लेकिन आज तक उस समझौते में बनी सहमति के बाद माँगो को पूरा नही किया गया।

### नप के प्रयास से रात के अंधेरे में होने लगा जगमग

## मिनी बाईपास के आरयूबी पर लगी लाइटें

■ नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी में उलझा हुआ था मामला, जिला प्रशासन ने की मध्यस्थता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** लाइटों से जगमग हुआ आरयूबी।

पिछले कई सालों से बंद पड़ी रोहतक रोड मिनी बाईपास पर बने आरयूबी की लाइटें फिर से शुरू हो गई हैं। नप के प्रयासों से यह लाइटें जगमग हो पाई है। जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने इसके लिए प्रशासन का आभार जताया है।

राजकुमार गोयल ने कहा कि रोहतक रोड मिनी बाईपास पर अंडरब्रिज के नीचे लगी लाइटें पिछले लम्बे समय से खराब पड़ी थी। इस बारे में नगर परिषद को कई बार लाइटें ठीक करवाने को कहा गया तो नगर परिषद का जवाब था कि अंडरपास के नीचे की लाइटें पीडब्ल्यूडी विभाग के अंडर आती है। उधर, जब पीडब्ल्यूडी विभाग को यह लाइटें ठीक करवाने को कहा गया तो उनका जवाब था कि ये लाइटें नगर परिषद के अंडर आती है। दोनों विभाग लाइटें ठीक करवाने के नाम पर ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ रहे थे। कोई भी लाइटें ठीक करवाने को तैयार नहीं था। गोयल का कहना है कि बिना लाइटों के यहां से रात के अंधेरे में बहु बेटियों को निकलना दूभर हो हो रहा था। नशेड़ियों द्वारा यहां रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए राहगीरों को तंग करने के कई मामले भी सामने आ चुके थे। ऐसे में जनमानस को और भी 'यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार इस मामले में जींद के डीसी से हस्तक्षेप करने की मांग की गई थी। डीसी से मांग की गई कि दोनों विभागों में से कोई भी लाइटें ठीक करवाने को तैयार नहीं है। बिना लाइटों के हर रोज राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। ये लाइटें ठीक करवाने में कई लाखों रुपये खर्च नहीं आने।

### तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**अलेवा।** गांव हसनपुर स्थित तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव हसनपुर गांव निवासी दीपक खेतीबाड़ी का काम करता था। दीपक शाम को टहलने के लिए गया हुआ था। तालाब के किनारे जाते समय दीपक का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। दीपक को तैरना नहीं आता था, इस कारण वह तालाब में डूब गया। काफी देर तक दीपक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश की। किसी ने बताया कि तालाब किनारे दीपक जा रहा था। इसके बाद परिजनों ने वहां तलाश किया तो दीपक का शव पानी में मिला। शव को निकाल कर नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया।

## नशा तस्करी के आरोपी को 15 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नेहा नौहरिया की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में तस्कर को 15 साल का कारावास तथा अढ़ाई लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सात अगस्त 2020 को सूचना मिली थी कि गांव उझाना माइनर के निकट नशे की खेप आई हुई है। जिसे पंजाब में सप्लाई किया जाना है। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ कर्मियों ने माइनर के निकट बताए गए स्थान पर छापेमारी की तो वहां पर झाड़ियों के बीच से गुजरने वाली नाली में 25 कट्टे भरे हुए पड़े थे। तलाशी लिए जाने पर उनमे डोडा पोस्त भरा पाया गया। जिनका वजन 500 किलो पाया गया। सीआईए स्टाफ कर्मियों ने कट्टों की देखभाल कर रहे व्यक्ति को भी मौके से काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गांव गुलियाना कैथल निवासी मोहित के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि डोडा पोस्त को ट्रक में दवाइयों के बीच ट्रक में भरकर दो दिन पहले एमपी से लाया गया था। जिसे पंजाब में सप्लाई किया जाना था। किसी को सप्लाई के लिए रखे गए डोडा पोस्त के कट्टों की जानकारी न हो इसके लिए उन्हें माइनर के साथ कच्चे रास्ते से खेत की नाली में छुपाकर रखा गया था। सीआईए स्टाफ कर्मी की शिकायत पर गढ़ी थाना पुलिस ने मोहित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

**खबर संक्षेप**

### चार्ट के माध्यम से दी गई पूर्णांक की जानकारी

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में प्रातःकालीन सभा में बच्चों ने चार्ट के माध्यम से पूर्णांक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने की। बच्चों ने चार्ट के माध्यम से बताया कि सभी धनात्मक, सभी णात्मक व शून्य मिलकर पूर्णांक कहलाते हैं।

### श्री श्याम बाल वाटिका ने मनाया श्रमिक दिवस

**नरवाना।** श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में आयोजित एक संवेदनशील समारोह में छात्र और स्टाफ ने मिलकर सभी कर्मचारियों के लिए एक छोटे से नाटकों का प्रस्तुतीकरण किया। श्री श्याम बाल वाटिका प्ले स्कूल के छात्र और एमजे हाई स्कूल के छात्र स्थानीय कारखानों में गए और वहां काम करने वाले सभी श्रमिकों को उपहार दिया।

### परीक्षा परिणाम आने पर स्कूलों में मनाई खुशी

**उचाना।** 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आने पर स्कूलों में विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ ने खुशी मनाई। कन्या गुरूकुल खेड़ा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या बंतो बैनीवाल ने बताया कि 106 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। 95 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। 35 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक, 55 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

### एनएचएम कर्मचारियों का बकाया डीए जारी

**जींद।** नेशनल हैल्थ मिशन के कर्मचारियों का पिछले एक साल से रूका डीए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किया गया है। डीए जारी होने की सूचना मिलते ही एनएचएम कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंदर वत्स ने बताया कि प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों का डीए पिछले एक साल से रूका हुआ था।

### राजकीय कन्या स्कूल का 12वीं का परिणाम बेहतर

**नरवाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं के परिणाम में विद्यालय की 51 छात्रों में से 37 छात्रों की मेरिट रही विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा निशु पुत्री चांदीराम ने 477 अंक हासिल करके प्रथम स्थान व नताशा पुत्री सत्यवान ने 475 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व कुसुम पुत्री किताबा ने 471 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शत-प्रतिशत मतदान को लेकर चलाया अभियान

**जींद।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को भिवानी रोड पर दर्पण सोसायटी के स्कूल दर्पण रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर के दिव्यांग बच्चों और शिक्षकों द्वारा 25 मई को शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया गया। दिव्यांगो को मेरा वोट, मेरी पहचान, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मतदान मेरा अधिकार आदि संदेश दिए।

### छोटूराम स्कूल के छात्रों का परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन

**जुलाना।** गतौली गांव में स्थित छोटूराम सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों ने 12वीं की परीक्षा में बेहरीन प्रदर्शन किया। स्कूल पहुंचने पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि स्कूल में कुल 45 छात्रों में से 42 छात्रों ने मैरिट हासिल की है। आठ छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया।

### पौली गांव में पहुंचे खेल विभाग के उपनिदेशक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुरजीत नरवाल पहुंचे। बाबा फूलपुरी स्पोर्टस क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान अभिमन्यु मलिक ने की। सुरजीत नरवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य होते हैं। युवाओं को चाहिए कि वो देश के विकास में भागीदारी निभाते हुए नशे से दूर रह कर खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन करें।

## स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर होनहार बच्चों को सम्मानित किया

# 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर खिले विद्यालय प्रबंधकों के चेहरे

### अध्यापकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के बाद स्कूल संचालकों ने बुधवार को होनहार छात्रों को सम्मानित किया। आर्य वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय अहिरका के 117 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 42 बच्चे मेरिट में रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर नैंसी ने 453, मांशु ने 453, दीप्ती ने 448 अंक प्राप्त किए।

इसी तरह प्राची ने 447 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा व प्रधानाचार्य सुधा शर्मा ने बच्चो को मिठाई खिला कर बधाई दी। मंगलवार को घोषित 12वी कक्षा के परिणाम में जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने शानदार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के 20 छात्र व छात्राओं ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवांवित किया। विद्यालय के विज्ञान संकाय में अक्षु, मुस्कान, काजल, आशा, मन्नू, खुशबू आदि ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणि'य संकाय में छात्र हेमंत व किरण ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। कला संकाय में तन्नू, रीतू, काजल, आशा, खुशबू ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। काजल, प्रियंका, विकास, कृष्ण, मंजू, सुनैना, खुशप्रीत, आशा, मिली, नगमा, निशु, तान्या आदि छात्राओं ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने इस शानदार परीक्षा का श्रेय सभी गुरुजनों की मेहनत व बच्चों के अथक परिश्रम को दिया। इस अवसर पर कन्या शाखा इंचार्ज संजय, रोहतक रोड इंचार्ज रामबीर को विशेष रूप से सम्मानित किया।



जींद। अच्छा परिणाम लाने वाले बच्चे प्राचार्य के साथ। फोटो : हरिभूमि



जींद। आर्य वरिष्ठ माद्यमिक विद्यालय अहिरका में बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर बच्चों को मिठाई खिलाते हुए।

### एसडी स्कूल घिमाना के 57 बच्चे मेरिट में

भिवानी बोर्ड के 12वीं कक्षा के रिजल्ट में एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना के बच्चों का परीक्षा परिणाम 61 बच्चों में से 57 ने मैरिट प्राप्त की जबकि चार बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रबंधक सत्यवान नेहरा के अनुसार विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा किंतु ने 463 अंक प्राप्त कर मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दीपिका ने 456 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही तथा एकता ने 449 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

उधर, विद्या विहार राजपुरा का बहारवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। कुल 54 बच्चे परीक्षा में शामिल थे। जिनमे से सात बच्चों ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।



### वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में विश्व श्रमिक दिवस मनाया

**जींद।** स्थानीय वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल जींद में विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रकार के व्यवसाय की वेशभूषा पहन कर सभी का मन मोह लिया। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर अर्श ने किसान, तन्वी ने विद्यार्थी, गुनीत ने फूलवाला आवधिक ने डॉक्टर, हर्षिता ने मछुआरा, वेदिका ने श्रमिक, माही ने श्रमिक आदि ने फूलवाला गुरुवार इसमें किस आस्था ने श्रमिक मेहरा ने कुली सिद्धि ने बावर्ची ख्याति ने अध्यापक बना कर अपनी भूमिका निभाई वह सब ने अपने-अपने व्यवसाय अनुरूप अपना कार्य समझाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य कीर्ति शर्मा ने विद्यार्थियों को श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य बताया वह श्रमिक दिवस की विशेषता भी विद्यार्थियों को बताइए। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक नरेंद्रनाथ शर्मा ने वह साहिदेशक आशुतोष शर्मा ने सभी प्रतियोगिता प्रतिभागियों की प्रशंसा की।




### मतदान को लेकर छात्रों ने बनाई मानव श्रंखला

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ तथा प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 25 मई को दर्शाते हुए एक मानव श्रृंखला बनाई और मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिसके तहत महाविद्यालय के सभी टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों ने 25 मई को मतदान करने और अपने परिजनों व अड़ोस व पड़ोस को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ग्रहण की। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को 25 मई को मतदान करने जाना है और समझदारी से अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है और इसमें हमें बढ़चढ़ कर भाग लेना है। मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### विश्व इम्यूनोलॉजी दिवस मनाया

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना और गढ़वाली खेड़ा में विश्व इम्यूनोलॉजी दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूली छात्रों और छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। स्कूल में पोस्टर, स्लोगन, भाषण, रोल मॉडल, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ ने विद्यालय में बच्चों को अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के उपाय बताये। उन्होंने बच्चों को व्यायाम और संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया और बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी।



### हिमांशु लाठर ने कुश्ती में जीता कांस्य

**जुलाना।** भारतीय कुश्ती संघ द्वारा 2024 सीनियर कुश्ती फेडरेशन कप का आयोजन उत्तर प्रदेश के बनारस में किया गया था। जिसमें जुलाना के वार्ड नंबर दो के हिमांशु लाठर ने 67 किलोग्राम वर्गभार में कांस्य पदक जीत कर जींद जिले का नाम रोशन किया है। जुलाना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गत 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक तीन दिवसीय 2024 सीनियर कुश्ती फेडरेशन कप का आयोजन भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में किया गया था। जिसमें देशभर से सैंकड़ों कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जुलाना के हिमांशु लाठर ने 67 किलोग्राम वर्गभार में ग्रीको रोमन कुश्ती में भाग लिया था। यहां पर हिंमाशु ने कर्नाटक के खिलाड़ी संदीप हाला को हराकर सेमीफानल में जगह बनाई थी। यहां पर झारखंड के खिलाड़ी अभिषेक मुन को हरा कर क्वाटर फाइनल में जगह बनाई थी। यहां पर उसका मुकाबला बिहार के सन्नी रॉय से हुआ। यहां पर हिमांशु ने अपने प्रतिद्वंद्वी से प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया था।

### दवा भंडारण के मानकों से समझौता जनता के लिए घातक : अरविंद

**अलेवा।** केंद्र सरकार द्वारा देश में बिना लाइसेंस के ओवर दी काउंटर (ओटीसी) दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर जींद केमिस्टस एवं ड्रेगिस्टस एसोसिएसन की बैठक प्रधान अरविंद जैन की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान देश में बिना लाइसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की। हरियाणा राज्य केमिस्टस एवं ड्रेगिस्टस एसोसिएशन ने देश में बिना लाइसेंस के ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रदेशाध्यक्ष मंजित शर्मा ने कहा कि इस तरह का कदम मौजूद दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों का उल्लघंन करेगा।

## मतदान की अपील के साथ फ्लैग मार्च

- डीएसपी अमित भाटिया ने किया फ्लैग मार्च का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक अमित भाटिया के नेतृत्व में नरवाना शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिल कर शहर नरवाना के एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 100 से अधिक जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च निकालने का हमारा मुख्य उद्देश्य नागरिकों कें मन सुरक्षा का एहसास दिलाना है कि वे बिना किसी डर भय और निष्पक्षता से वोट दें। पुलिस का सही उद्देश्य है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराया जाए जिसके लिए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जगह-जगह नाकाबंदी की गई है। जो भी असामाजिक तत्व है जैसे नशे, अवैध शराब या अवैध हथियार के साथ कोई व्यक्ति पाया गया।



जींद। नरवाना शहर में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि



### इंडस स्कूल में मनाया मजदूर दिवस

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने एक नाटक की प्रस्तुति द्वारा मजदूर जीवन के तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए हमारे जीवन में उनके योगदान को दर्शाया और उन्हें सम्मान के योग्य बताया। कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को एक डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से दिखाया गया कि देश में निर्माण में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। इनके बिना किसी भी देश का विकास संभव नही है। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि देश की उन्नति में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्रों को समझाते हुए कहा कि ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जहां पर मजदूर वर्ग का योगदान नही है। उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने अपने वक्तव्य में श्रमिक वर्ग की भूमिका पर प्रकाष डालते हुए उनके कार्योर् को गौरवशाली बताया।

### जुलाना की लेबर शेड में मनाया मजदूर दिवस

**जुलाना।** लैबर शैड में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सूरजभान और सुल्तान जांगड़ा ने की व मंच संचालन सुरेश करसोला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर रमेश और मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने शिरकत की। मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस को पूरी दुनिया में मजदूरों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। किसानों ने आंदोलन किया तो सरकार ने उन पर लाठियां बरसाई गई और सड़कों पर गड्ढे खोदे गए। महिला खिलाड़ियों ने आंदोलन किया उनको सड़कों पर घसीटा गया। युवाओं को रोजगार देने का वायदा करने वाली भाजपा की केंद्र की सरकार में 15 लाख खाली पद पड़े हैं।

## प्रथम रही छात्रा दिशा को सम्मानित किया

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12वीं नरवाना ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 अप्रैल 2024 को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा दिशा पुत्री प्रवीण कुमार ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 492 अंक प्राप्त करके नरवाना ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और मात-पिता का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा छात्रा को 11000 रुपए की नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या ने बताया कि पिछले नौ वषोंर् की तरह इस वर्ष भी हमारे विद्यालय की छात्रा ने हरियाणा बोर्ड के टापर्स मे अपना स्थान निश्चित किया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें इस वर्ष दिशा ने वाणि'य संकाय में 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिद्धि पुत्री वीरेंद्र ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, महक पुत्री सुशील ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में रितिका पुत्री जगदीश ने 500 में से 476 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रीति पुत्री उमेश दास ने 500 में से 474 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान तथा कोमल एवं साक्षी ने 500 में से 472 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



नरवाना। 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तीनों छात्राओं को सम्मानित किया।

### ओलंपियाड में सुप्रीम स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कुल 148 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने साइंस, हिंदी, अंग्रेजी, गणित विषयों में स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक जीते। साइंस विषय की परीक्षा में आठ स्वर्ण पदक, सात रजत, छह कांस्य पदक प्राप्त किए। हिंदी विषय की परीक्षा में छात्र व छात्राओं ने 10 स्वर्ण पदक, पांच रजत और पांच कांस्य पदक हासिल किए। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में एक स्वर्ण पदक, एक रजत व एक कांस्य पदक हासिल किया। गणित विषय की परीक्षा में छह स्वर्ण, तीन रजत, चार कांस्य पदक हासिल किए।

### इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# श्रमदान करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की जूनियर व सीनियर विंग में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में श्रमदान करने वाले विभिन्न कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि इसे कामगार दिवस, श्रम दिवस और श्रमिक दिवस जैसे अन्य दूसरे नामों से भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को श्रमिकों, उनकी स्थिति और उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। आज के आधुनिक एवं तकनीकी युग में मजदूरों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें हर श्रमिक का सम्मान करना चाहिए। सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि हम श्रमिकों के कड़े परिश्रम के कारण ही सुख सुविधाओं का आनंद ले पाते हैं। उन्होंने सभी मजदूरों से आह्वान किया कि उन्हें भी अपने अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रोहताश मलिक ने श्रम दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मजदूर किसी भी अर्थव्यवस्था में रीढ की हड्डी का कार्य करते हैं। जहां पर कुशल एवं मेहनती श्रमिक होते हैं। वह देश उतना ही साधन संपन्न हो जाता है। मजदूरों को समर्पित यह दिन, श्रमिकों के सम्मान के साथ ही उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण है। जूनियर विंग की मुख्याध्यापिका ज्योति सैनी ने कहा कि श्रमिक दिवस श्रमिक समूह की कड़ी मेहनत और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जो पूरी तरह से श्रमिक वर्ग को समर्पित है। मजदूर दिवस एक मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। जूनियर विंग के बच्चों ने मजदूरों की पौषाक पहन कर उनकी मेहनत का सजीव चित्रण प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।




जींद। विद्यालय में श्रमदान करने वाले विभिन्न कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देते हुए।




### मोतीलाल नेहरू स्कूल में लेबर दिवस पर विशेष सभा

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में लेबर दिवस पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने कविता, नृत्य, भाषण के साथ-साथ विभिन्न सहायकों के रोल प्ले प्रस्तुत किए। अध्यापकों ने बच्चों को लेबर दिवस और उसके महत्व के बारे में बताया। बच्चों ने अपने विद्यालय में चालकों, चपडासी, गार्ड, माली, बिजली मिस्त्री आदि सहायकों के प्रति आभार व्यक्त किया और सम्मान की निशानी के रूप में उन्हें धन्यवाद देने के लिए हस्तनिर्मित कार्ड और फोटो फ्रेम भेंट किए। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया ने सभी स्टाफ मेंबर को बधाई दी और कहा कि हमारे संगठन के लिए हर स्टाफ मेंबर की कड़ी मेहनत का महत्व बहुत 'यादा है तथा हम उन्हें सम्मान अधिकार देने में विश्वास रखते हैं और कहा कि स्टाफ संस्थान की रीढ की हड्डी होती है। विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारी हमारे समाज का वह तबका है। जिन पर समस्त आर्थिक उन्नति टिकी हुई है।

## खबर संक्षेप



### एएस सीनियर सेकेंडरी का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**पूंडरी।** हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी सीनियर सेकेंडरी कक्षा के परीक्षा परिणाम में एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। आर्ट संकाय में अंजलि ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कॉमर्स संकाय में खुशबु ने 90 प्रतिशत और नॉन मेडिकल में ईशा और दिशा छात्राओं ने 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

### नशा किसी के लिए नहीं हितकारी : सुनील कुमार

**कैथल।** नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव जुनेदपुर, कक्योर माजरा, कक्हेड़ी, ककराला व कांगथली में नुक्कड सभा के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया।

### रोड शो के लिए लेनी होगी परमिशन : डीसी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। डीसी ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो का काफिला निकलता है

### संघर्ष समिति ने निकाली ट्रैक्टर प्रदर्शन रैली

**राजौंद।** महिला कालेज बनाओ सीवरेज हटाओ संघर्ष समिति के सदस्यों व किसान यूनियन ने मिलकर ट्रैक्टर प्रदर्शन रैली निकाली। यह रैली कालेज बनाओ व सीवरेज प्लांट हटाओ को लेकर 91 दिन से चल रहे धरने को लेकर निकाली गई। यह ट्रैक्टर प्रदर्शन रैली राजौंद से माजरा रोहेड़ा, रोहेड़ा, किठाना गुलियाणा, खेड़ी सिंबल वाली व खेड़ी राय वाली, नीमवाला, किच्छाना, कोटड़ा, सेरधा, संतोख माजरा से होती हुई वापिस राजौंद में पहुंची।

### अन्याय को सहन नहीं करेंगी मिड-डे मील वर्कर्स

**कैथल।** मजदूर दिवस के अवसर पर कैथल जिले की बड़ी संख्या में मिड डे मील वर्कर स्कूलों में खाना बनाकर व बच्चों को परोसकर हनुमान वाटिका कैथल में इक्कठी हुई। उन्होंने मजदूर दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया व संकल्प लिया कि सरकार द्वारा किये जा रहे अन्याय को सहन नहीं किया जाएगा। पिछले दो महीनों से उनकी दिहाड़ी नहीं मिली है। उन पर स्कूलों द्वारा बिना विभाग के आदेशों के आनलाईन हाजरी का दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत परेशान किया जा रहा है।

## राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के हर प्रकार के खर्च का रखें पूर्ण ब्यौरा

# खर्च निगरानी टीम चुनावी गतिविधियों पर रखें पैनी नजर : कार्तिक लक्ष्मण

- खर्च पर्यवेक्षक कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा ने ली खर्च निगरानी टीमों व संबंधित अधिकारियों की विशेष बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। खर्च पर्यवेक्षक कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा क्षेत्र कुरूक्षेत्र के लिए नियुक्त खर्च पर्यवेक्षक कार्तिक लक्ष्मण भाई सारेसा ने लघु सचिवालय में मंगलवार को खर्च निगरानी टीम व संबंधित अधिकारियों की विशेष बैठक ली। उन्होंने राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के हर प्रकार के खर्च का पूर्ण ब्यौरा रखने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संबंधित टीमों से उनके कार्य तथा नियमों आदि को लेकर विस्तार से चर्चा की और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यो की फीडबैक ली।

उन्होंने कहा कि चुनाव में लगी विभिन्न प्रकार की टीमें जैसे फ्लाईंग स्कवायड टीम (एफएसटी), स्टेटिक सर्विलेंस टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) तथा वीडियो व्यूइंग टीम (वीवीटी), एमसीएमसी तथा अकाउंट टीम अपनी आंख व कान पूरी तरह खुले रखें। सभी टीमें अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएं। किसी भी प्रकार का आचार संहिता का उल्लंघन जैसे कि अवैध प्रचार सामग्री, पैसे व वस्तु का वितरण, मतदाता को किसी भी प्रकार का प्रलोभन आदि विषयों पर अपनी पैनी नजर रखें। वे निर्धारित फॉर्मेट में नियमित तौर पर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से जो भी गाइडलाइन दी गई है उसको अच्छी से तरह से पढ़ लें, ताकि आपके अंदर अपने काम को लेकर आत्मविश्वास पैदा हो सके। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र की सभी टीमों के साथ मीटिंग करें और उन्हें संबंधित आधारभूत सामान भी उपलब्ध करवाएं।

खर्च पर्यवेक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। प्रत्याशी को अपना बैंक खाता खुलवाना होगा, जिसके माध्यम से वह चुनाव में विभिन्न कार्यों के लिए खर्च करेगा। प्रत्याशियों को अनुमति लेकर ही विभिन्न प्रकार के आयोजन करने होते हैं, जिसकी जानकारी मॉनिटरिंग टीमों को होनी चाहिए। हर आयोजन की वीडियोग्राफी अवश्य करवायें। यह कार्य बेहद संवेदनशील है, जिसमें किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। अपने कार्य की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए और अपना काम पूर्ण निष्ठा के साथ करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जरूरी संसाधनों की रिपोर्ट लेते हुए अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि ने खर्च पर्यवेक्षक को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन द्वारा पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ काम करते हुए चुनाव को संपन्न करवाया जाएगा। उन्होंने निगरानी टीम व अन्य संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने के लिए वे पूर्ण रूप से अलर्ट रहें ताकि उनकी नजरों से कुछ भी न बच सके। इस अवसर पर एडीसी सी. जया श्रद्घा,अंडर ट्रेनिंग आईएएस अंकिता पंवार, एसडीएम सुशील कुमार, कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, नायब तहसीलदार चुनाव सुभाष सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूंडरी के हुडा सेक्टर में फैली कांग्रेस घास व भांग के पौधे


पूंडरी। हुडा सेक्टर में फैली गंदगी और कांग्रेस व भांग के पौधों से अटा पड़ा नाला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में एकमात्र हुडा सेक्टर के खाली पड़े प्लाटों, पाकोंर् के आसपास व सड? के साथ नाले पर फैली कांग्रेस घास व भांग के पौधे। जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। परेशानी का कारण इन पौधों से पनपने वाले मच्छर और कांग्रेस घास के संपर्क हाथों से काटने उखाड़ने आदि से एलर्जी होने का खतरा रहता है। हुडा मार्केट में खाली पड़े प्लॉटों की जगह पर भी खूब गंदगी और भांग के पौधे खड़े हुए है। जिनमें विषैले जीव पनपते है। हुडा निवासी अनिल आर्य, रणदीप टाया, दिवाकर वालिया, सुधीर मास्टर, बलराज टाया, नरेंद्र कुमार, धनपत सिंह, भूपसिंह व रंगीराम ने बताया कि करोड़ों रुपए खर्च करके हुडा में ये सोचकर मकान बनाए गए कि बड़े शहरों की तरह हर प्रकार की जन-सुविधाएं इसमें मिलेगी, लेकिन ये सेक्टर प्राइवेट कालोनियों से भी बदतर हालात में है। जब से नगरपालिका से हुडा विभाग ने अपने अधीन लिया है, तब से इसकी तरफ कोई देखने वाला नहीं है। कई-कई दिनों तक अब इस सेक्टर में साफ-सफाई भी नहीं होती है। पालिका अधिकारियों से सफाई के लिए बोलते है तो वे कहते है उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ऐसे में अब इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। हुडा में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। हुडा व अनाज मंडी के बीच की सड? का हुडा की तरफ का नाला टूट चुका है और जो है वह अवरुद्ध हो चुका है और कांग्रेस घास व भांग के पौधों से अटा पड़ा है।

### नपा के अधीन नहीं

हुडा सेक्टर अब नगरपालिका के अधीन नहीं है। उसके बावजूद भी लोगों की समस्याओं को देखते हुए वे पालिका कर्मचारियों से सफाई करवा देते है। अगर उनके विभाग के उच्चाधिकारी पत्र जारी कर देते है तो वे पहले की तरह साफ-सफाई करवाना शुरू कर देंगे।

-अशोक कुमार
सचिव नगरपालिका पूंडरी।


कैथल। फ्रैशर पार्टी में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल में की फ्रेशर पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

किसी नए विद्यालय में प्रवेश लेने के बाद उस विद्यालय की फ्रेशर पार्टी का इंतजार बड़ी उत्सुकता से हर बच्चे को रहता है। दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल ने 1 मई 2024 को नवागंतुक बच्चों के लिए एक फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

यह दिन प्रत्येक बच्चे के लिए यादगार दिन बन गया। इस कार्यक्रम को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपना परिचय दिया और अपनी अद्भुत प्रतिभा द्वारा सब का मन जीत लिया। इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय लेबर डे को नहीं भूला। सपोर्ट स्टाफ जो सबके लिए सहयोग और सुरक्षा का वातावरण तैयार करते हैं उन्हें सम्मानित करके अपना आभार व्यक्त किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई और उन्हें निरंतर उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# आरकेएसडी कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रपति निवास मशोबरा का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के बी कॉम, बीबीए और बी वोक के छात्रों के लिए राष्ट्रपति निवास मशोबरा और शिमला की शैक्षणिक यात्रा आयोजित की गई. विभाग के 54 छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रपति निवास मशोबरा, जाखू मंदिर और शिमला के रिज में भ्रमण किया। राष्ट्रपति निवास मशोबरा में, संजू डोगरा मैनेजर औरअजय भारद्वाज ने छात्रों को राष्ट्रपति निवास की विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। छात्रों ने इसकी



भव्य वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ इसके ऐतिहासिक महत्व को भी समझा। उस दिन हनुमान जन्मोत्सव का शुभ दिन था, छात्रों ने हनुमान जी की कृपा भी प्राप्त की। पूरी यात्रा मनोरंजनयुक्त और उत्साह से भरी थी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके गोयल ने विभाग को ऐसे शैक्षणिक दौरे के आयोजन के लिए बधाई दी, जिसमें प्रशासनिक कार्यों में व्यावहारिक अंतदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं। उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना यह यात्रा कभी संभव नहीं हो पाती। यह यात्रा कक्षा के बाहर अनुभविक शिक्षा के लिए एक अद्वितीय अवसर है। इस यात्रा में डॉ. अजय शर्मा, डॉ. विशाल आनंद, डॉ. रचना सरदाना, डॉ. पूजा मित्तल, प्रो. निधि, प्रो. विशाल गोयल, राकेश कुमार, बलवान भी छात्रों के साथ थे।

### यूपीएससी में चयनित शुभम को किया सम्मानित

**कैथल।** आर. के. एस डी पब्लिक स्कूल के लिए यह बहुत गौरव का विषय रहा जब इसी स्कूल के शुभम सिंगला ने यू. पी. एस. सी. परीक्षा में देश भर में 420वां स्थान लेकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। अध्यापक माता-पिता की दूसरी संतान शुभम सिंगला आरम्भ से ही एक होनहार छात्र थे। प्रति वर्ष कक्षा में प्रथम आने वाले इस मेधावी छात्र ने दंसवी कक्षा में 10 सी.जी.पी.ए प्राप्त किया और कक्षा बाहरवीं में 95.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। तत्पश्चात आई. आई. टी दिल्ली से बी. टेक की शिक्षा प्राप्त की। और फिर मुंबई से जे.पी. मोरगन कम्पनी में कार्य किया। आजकल वे सीरस कम्पनी में कार्यरत है। हमेशा कुछ न कुछ नया सीखते रहने की प्रवृति और समाज में नया परिवर्तन लाने की इच्छा ने उन्हें सिविल सर्विसिज की ओर मोड़ दिया। उनकी अथक मेहनत रंग लाई और यू. पी. एस. सी. के तीसरे अटेम्प में उन्होंने देश भर में 420वां रैंक हासिल किया।

### श्रमिक दिवस मनाया

**गुहला-चीका।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस महत्वपूर्ण दिवस पर प्रार्थना सभा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा भाषण प्रस्तुत किए गए। विशेष सम्मान के रूप में प्रधानाचार्या पूनम सिंह ने स्कूल बस के ड्राइवरों, कंडक्टरों व सहायक कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा की।

## न्यूज डायरी

### ध्रूव पब्लिक स्कूल के श्रमिकों को किया सम्मानित



**पूंडरी।** ध्रुरव पब्लिक स्कूल में प्रात कालीन सभा में श्रमिक दिवस पर कार्यक्त्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या प्रवीन ढिल्लों ने की व मंच पर एकत्रित श्रमिक को को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्राचार्या ने कहा कि हर श्रमिक का अपने देश के उत्थान में विशेष योगदान होता है। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। हर का अपना महत्व होता है। हमें अपने कर्तव्य के प्रति सदैव निष्ठावान होना चाहिए। हमें हमारे समाज को इस विशेष वर्ग का दिल से सम्मान करना चाहिए। स्कूल संस्थापक मुकेश अहलुवालिया ने भी श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दी और सभी स्कूल में कार्यरत श्रमिक वर्ग को सम्मानित किया। साथ ही निरंतर अपने कार्य को लग्न व निष्ठा से करने के लिए विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ भी मौजूद था।

### पूंडरी में भाविप ने किया सिलाई सेंटर का शुभारंभ



**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा संचालित स्थाई प्रकल्प महिला सिलाई केंद्र का पुन आरंभ किया गया है। इस कार्यक्त्रम की संयोजक बबीता सिंगला और इंदु शर्मा रही। अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने बताया कि सिलाई सेंटर में लड़कियों-महिलाओं को बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर सिलाई सिखाई जाती है। शाखा सदस्य राजेश ने बताया कि सेंटर में प्रतिदिन 2 से 3 घंटे सिलाई से जुड़ी चीजें सिखाई जाती है और तीन महीने का कोर्स पूरा होने पर प्रशिक्षण प्राप्त का सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। ये सेंटर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक माध्यम है। जिससे काफी संख्या में लड़कियों व महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में परिषद शाखा संरक्षक विनोद बंसल, परिषद अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, परिषद कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, अश्वनी खुराना, महिला संयोजिका निधि मोहन, मुनीश गर्ग, रक्षा देवी, बबीता सिंगला, कुसुम कंसल, वीना खुराना, दमयंती बंसल, मंजू बंसल, श्रवण सिंगला, संदीप गर्ग, चेतना वालिया, ममता गर्ग, मनीष गर्ग व अशोक गर्ग भी मौजूद थे।

# राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की छात्रा मन्नत ने 487 अंक लेकर मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में जिले की सर्वाधिक छात्र संख्या वाले गीता भवन के नजदीक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल का वार्षिक परीक्षा परिणाम 91.56 प्रतिशत रहा।

इस परीक्षा परिणाम में से 320 छात्राओं में से 108 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त की। 155 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। प्रधानाचार्य भारत भूषण शर्मा ने बताया विद्यालय की विज्ञान संकाय में छात्रा मन्नत ने 500 में से 487 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त


कैथल। छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य भारत भूषण शर्मा। फोटो : हरिभूमि

किया। छात्रा डेजी ने 500 में से 465 अंक प्राप्त करके कामर्स संकाय में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा कोमल ने 454 अंक प्राप्त करके कला संकाय में पहला स्थान प्राप्त किया। गणित, पंजाबी, संस्कृत और स्टेनो विषयों में कई छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई उनका स्वागत किया और उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार और बीआरसी संजय शर्मा ने छात्राओं का मुंह मीठा करवा कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजयलक्ष्मी ने स्टाफ सदस्यों की कार्यशैली की प्रशंसा की व छात्राओं को आशीर्वाद दिया। उपस्थित अभिभावकों में खुशी की लहर थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक रतन कुमार, अंजू शर्मा, रामफल मान, अशोक कुमार, मनु गोयल, अंजू छाबड़ा, ज्योति अरोड़ा, कृष्णा शर्मा, रजनीश, सुशीला और सुमन तंवर व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# आरकेएसडी कॉलेज ने जीती कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में समग्र ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के छात्रों ने डॉ. बीआर अंबेडकर सरकारी कॉलेज, जगदीशपुरा में आयोजित छात्र कानूनी साक्षरता मिशन (एसएलएलएम) के तहत जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में समग्र ट्रॉफी हासिल की। डॉक्यूमेंट्री फिल्म और क्विज श्रेणियों में, कॉलेज ने पहला स्थान हासिल किया और ऑन द स्पॉट पेंटिंग, डिक्लेमेशन, निबंध लेखन और स्किट जैसे आयोजनों में, कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। पूजा, ज्योति, प्रिया, गुरनाम, कोमित, बबीता, बलदेव, मुकेश


कैथल। जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में समग्र ट्रॉफी हासिल करने वाली टीम। फोटो : हरिभूमि

और रितिका इन आयोजनों में भाग लेने वालों के कुछ नाम हैं। इन विद्यार्थियों का कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने स्वागत किया। उन्होंने उन्हें और कॉलेज के कानूनी साक्षरता सेल को बधाई दी। संयोजिका डॉ. सुरुचि शर्मा ने अपनी टीम के सदस्यों डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. अलीशा गोयल और डॉ. विशाल आनंद के साथ आरकेएसडी कॉलेज के इन छात्रों का समन्वय और संयोजन किया।

## प्रशिक्षण

## पीओ व एपीओ के तीसरे व चौथे ग्रुप को दी गई ईवीएम व वीवीपैट संचालन की जानकारी

# मतदान करवाना बहुत ही संवेदनशील व जिम्मेदारी का कार्य, इसे निष्ठा से निभाएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी सी. जया श्रद्घा ने कहा कि मतदान करवाना बहुत ही संवदेनशील व जिम्मेदारी का कार्य है। इससे संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्पक्षता व निष्ठा से संपन्न करवाएं। चुनाव आयोग की जो भी हिदायतें हैं, उसी के अनुरूप सभी पीठासीन अधिकारी व अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी कार्य करके चुनावी प्रक्रिया को पूरा करवांगे।

एडीसी सी.जया श्रद्धा बुधवार को आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के हॉल में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ) के दूसरे दिन दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट की संपूर्ण प्रक्रिया बारे बारीकी से जानकारी दी गई। उन्हें मतदान के दिन किस तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल करना है, किस तरह से पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मॉक पोल करना है, आदि गतिविधियों के बारे में बताया।

एआरओ व एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे से शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें, जिससे कि और मतदाता लाइन में लगकर खड़े ना हों सकें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की प्रचार-सामग्री नहीं होनी चाहिए।


कैथल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित एडीसी सी जया श्रद्धा व अन्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मास्टर ट्रेनर ने कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी को अपने बूथ पर पहुंचकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर व स्टीकर इत्यादि नहीं लगा होना चाहिए। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिड़की से दूर होना चाहिए ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। यह ध्यान रखें कि मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए।

# खेड़ी गुलामअली के राजकीय स्कूल के 16 विद्यार्थी मेरिट में

- विद्यालय के 12 छात्रों के विषयानुसार हिंदी में 90 से ऊपर अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलामअली का बारहवी का परीक्षा परिणाम अव्वल आने पर मेरिट में आए 16 बच्चो की फूल मालाओ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यो व बच्चो को अच्छे वार्षिक परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की।विद्यालय की छात्रा अंजू ने 407 अंक प्राप्त करके पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा ने 450 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। मनप्रीत ने 434 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का हिंदी, हिस्ट्री, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत,आईटी, बैंकिंग, फिजिकल एजुकेशन का परीक्षा परिणाम 100% रहा।

विद्यालय के 12 छात्रों के विषयानुसार हिंदी में 90 से ऊपर अंक प्राप्त किये। संस्कृत के 8,पंजाबी के सात,हिस्ट्री के 6,बैंकिंग के एक छात्र ने 90 से ऊपर अंक प्राप्त किए।

## खबर संक्षेप

### दिशा प्लेटफार्म पर शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रेनिंग

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत दिशा प्लेटफार्म पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रेनिंग होगी। जो 29 अप्रैल से लेकर 31 मई तक चलेगी। इस दौरान शिक्षक दो कोर्स में भाग लेंगे। जिसमें गणित से संबंधित स्थानीय मान की समझ व शुरूआती पठन में भाग लेंगे।

### जुआ खेल रहे चार काबू 10600 नकदी बरामद

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस टीम द्वारा ताश से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 10 हजार 600 रुपए नकदी व 52 पत्ते ताश बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ईआरवी 718 ईचार्ज एसआई धर्मवीर सिंह की टीम को दोपहर गश्त दौरान कार्रवाई की गई।

### जबरन रुपये ट्रांसफर करवाने पर आरोपी काबू

**कैथल।** अपहरण करके मारपीट करने व जबरन रुपए ट्रांसफर करवाने के मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एसआई कर्मबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी प्योदा रोड़ कैथल निवासी जसबीर सिंह को काबू कर लिया गया।

### 31 वर्षीय विवाहिता दो बेटियों सहित लापता

**कैथल।** ढांड थाना के तहत आने वाले एक गांव से 31 वर्षीय विवाहिता दो बेटियों सहित लापता हो गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 29 अप्रैल को उसकी 31 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। वह अभी तक वापस नहीं लौटी है।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बांटे निमंत्रण पत्र

**सफीदों।** नगर के ऐतिहासिक महाभारतकालीन नागक्षेत्र मंदिर में आगामी 10 मई को श्री ब्राह्मण समाज सफीदों द्वारा मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बुधवार को सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के अलावा विभिन्न समाजों को भी निमंत्रण पत्र बांटे गए और प्रबुद्ध लोगों को बुलाया गया है।

### इग्नू ने खोला रि-रजिस्ट्रेशन पोर्टल

**जींद।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू द्वारा जुलाई 2024 सत्र के लिए री.रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोल दिया गया है। जन विद्यार्थियों ने 2023 सत्र में वार्षिक पाठ्यक्रमों जैसे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है, री रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर फीस जमा करवा सकते हैं।


### डा. प्रीति की अंतरराष्ट्रीय संबंध पुस्तक का विमोचन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. प्रीति द्वारा लिखित अंतरराष्ट्रीय संबंध पुस्तक का बुधवार को विमोचन किया गया। इस पुस्तक विमोचन कुलपति डा. रणपाल सिंह ने किया। इस पुस्तक में डा. प्रीति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया है। जैसे कि संप्रभु राज्यों, अंतर-सरकारी संगठन आदि।

# बिना प्रमाणपत्र के केबल पर न करें किसी भी विज्ञापन का प्रसारण

*प्रसारण से पहले लें एमसीएमसी से अनुमति, नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो होगी कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर बिना प्रमाण पत्र के किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकता है। ऐसा करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। डीआईपीआरओ जींद इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी केबल ऑपरेटर बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टेलिविजन नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालन सुनिश्चित करनी है।

### 410 में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया



जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी केबल टीवी नेटवर्क द्वारा कोई भी राजनीतिक विज्ञापन पूर्व प्रमाणीकरण के बिना प्रसारित नहीं किए जाएंगे। राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण से 48 घंटे पूर्व एमसीएमसी कमेटी के समक्ष निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन करना होगा। यदि कोई केबल टीवी नेटवर्क बिना प्री.सर्टिफिकेशन के कोई राजनीतिक विज्ञापन जारी करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्य के लिए जींद के लघु सचिवालय स्थित तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 410 में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। एमसीएमसी की निगरानी में जो भी पेड न्यूज आएगी वह उम्मीदवार के चुनाव खर्च में जोड़ी जाएगी।

### ऐसे लें विज्ञापन चलाने का प्रमाण पत्र

विज्ञापन प्रसारण के लिए एमसीएमसी कमेटी के समक्ष एनेक्सचर ए में आवेदन करना होगा। जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रप्टि की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। राष्ट्रीय व रा'य स्तर पर पंजीकृत राजनैतिक पार्टी व उनके उम्मीदवारों को विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्रसारण के कम से कम तीन दिन पहले आवेदन करना होगा। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। उन्होंने बताया कि अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरूस्त करने के लिए संबंधित को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरुस्त करके दोबारा आवेदन करना होगा।

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में कार्यक्रम आयोजित

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़ी धूमधाम और सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यापिका वंदना और अध्यापक जेनेंद्र ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान, चेयरमैन प्रवीण ने सरस्वती माँ की वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दुसरी के बच्चों में रैंप वॉक, तीसरी से पांचवी कक्षा में कविता गायन, 6जी से 12जी कक्षा में निबंध लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता गान और लघु नाटिका के माध्यम से मजदूरों के हक और उनके समर्पित भाव को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजदूर दिवस को उत्साह के साथ मनाया। जिसके बाद प्रथम, द्वितिय व तृतिया स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान, चेयरमैन प्रवीण ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




**जींद।** कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।




**जींद।** कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद निदेशक अंजू सिहाग।

### श्रमिकों के समर्पण का सम्मान होना चाहिए : अंजू

**जींद।** आधारशिला स्कूल में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में समझाया गया। बच्चों ने कविता, भाषण व नाटक के माध्यम से श्रमिकों के योगदान के विषय में बताया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं का अत्यंत मार्मिक ढंग से मंचन किया। कार्यक्रम में निदेशक अंजू सिहाग ने कहा कि हर श्रम करने वाला व्यक्ति मजदूर है और हर श्रमिक सम्मान चाहता है। हमें हर काम करने वाले व्यक्ति का सम्मान व सराहना करनी चाहिए।



### देश और दुनिया के विकास में मजदूर वर्ग का विशेष योगदान

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर लघु सचिवालय पर जिलाभर के निर्माण मजदूर, मनरेगा मजदूर, कर्मचारी, रिटायर्ड कर्मचारी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, मिड-डे मील वर्कर एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सयुंक्त रूप से सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान छ'जू राम नैन ने की व संचालन मंदीप नेहरा ने किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए सीटू नेता कपूर सिंह व संदीप जाजवान ने कहा कि भारत व पूरी दुनिया में आज जितना विकास दिख रहा है, उसमें मजदूर वर्ग का भारी योगदान है। देश की आजादी के आंदोलन से पहले और बाद में आज तक लाखों मजदूरों ने बतौर मजदूरी करते हुए दुर्घटना के रूप में अपनी जान की कुर्बानियां दी हैं।

निर्माण क्षेत्र से लेकर सरकारी गैर सरकारी क्षेत्र के रूप में अपना कम वेतन व कम सुविधा पाकर भी अपनी सेवाएं जारी रखे हुए हैं। दूसरी तरफ 10 वर्ष के भाजपा शासन के चलते देश व प्रदेश में ट्रेड यूनियन अधिकारों व श्रम कानूनों को छीन कर श्रमिकों को कंपनियों का गुलाम बना दिया है। ना तो यहां गुजारे लायक वेतन दिया जा रहा है, ना यहां पर किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी है। ना कोई दुर्घटना होने पर इलाज व मुआवजे की सुविधा है। महंगाई भयंकर रूप धारण कर चुकी है, ऊपर से बेरोजगारी की मार अच्छे पढ़े लिखे युवा साधारण मजदूरी करने पर मजबूर हैं। मजदूर दिवस के अवसर पर लेखक संघ से मंगत राम शास्त्री व जगदीश ने मजदूरों के हालात पर एक रागनी प्रस्तुत की। इस मौके पर प्रकाश चंद्र, कश्मीर सिंह, विक्रम सिंह, आजाद पांचाल, देवेंद्र, संदीप पूनिया सहित अनेक मजदूर नेता मौजूद रहे।



**जींद।** सीआरएसयू में आयोजित व्याख्यान के मौके पर मौजूद मुख्य वक्ता और स्टाफ।

# शिक्षा जीवन जीने की कला सिखाती है : प्रो. किरणदीप

■ चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हुआ व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को व्याख्यान श्रृंखला के तहत जीवन कौशल शिक्षा व्यक्तिगत विकास का एक मार्ग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से सेवानिवृत प्रो. किरणदीप कौर ने व्याख्यान दिया। शुरुआत में शिक्षा विभाग प्रभारी डा. रितु रानी ने विभाग में पधारने पर उनका स्वागत किया। प्रो. किरणदीप कौर ने कहा कि जीवन कौशल शिक्षा वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति को दैनिक जीवन की आवश्यकताओं और चुनौतियों का सही तरीके से सामना करने के लिए ज्ञानए क्षमता और अभिवृत्ति प्रदान करती है। यह पारंपरिक शैक्षिक विषयों से बढ़ कर प्रायोगिक कौशल और क्षमताओं को विकसित करने पर बल देती है। जो व्यक्तिगत विकास, बेहतर सामाजिक संवाद और पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक हैं। प्रो. कौर ने बताया कि जीवन कौशल का सम्प्रत्य विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 1993 में शुरू किया था। उन्होंने जीवन कौशल शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को समय प्रबंधन, संचार कौशल, तनाव प्रबंधन, नेतृत्व, समस्या समाधान आदि कौशल सिखाती है जो कि वर्तमान समय में एक स्वस्थ और सल जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। जीवन कौशल शिक्षा विद्यार्थी को स्वयं को बेहतर तरीके से समझने में सहायता करती है। जिससे वह अपने मनोभावों को समझ कर भावनात्मक रूप से समर्थ व सक्षम बन सके। जीवन कौशल शिक्षा रचनात्मक व तार्किक चिंतन और अन्तर्वयक्तिक कुशलता पर बल देती है बेहतर संतुलन स्थापित कर सफलता प्राप्त कर सकता है।

# 12वीं में 480 अंकों के साथ काफी जिला टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा कुल 99 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। और 45 विद्यार्थियों ने अपना नाम प्रथम श्रेणी में दर्ज करवाया। विज्ञान संकाय (मेडिकल) मे काफी गोयत सुपुत्री श्री वकील चंद (गांव दुन्धरेहडी) ने 12वीं की परीक्षा में 480/500 अंक प्राप्त करके जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने गांव, क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। काफी गोयत ने गृह विज्ञान में 97 अंक, भौतिक विज्ञान में 98 अंक, रसायन विज्ञान में 98 अंक, जीव विज्ञान में 96 अंक व गणित में 92 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय (नान मेडिकल) मे 12वीं की छात्रा अन्नु सहारण सुपुत्री श्री नरेश कुमार (गांव कोलेखां) ने 467/500 अंक प्राप्त करके कलायत ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनू ने भौतिक विज्ञान में 94 अंक, रसायन विज्ञान में 93 अंक, व गणित में 95 अंक प्राप्त किए। कला संकाय की छात्रा शबनम ने 467/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शबनम ने भूगोल में 95 अंक, संगीत में 96 अंक, व हिंदी में 93 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने विद्यालय पहुंचने पर काफी गोयत, अनू व उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया और विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।और कहा कि पिछले दिनों हमारे विद्यार्थी प्रिंस कांसल ने 99.68 परसेंटाइल और तमन्ना कांसल ने 97.29 परसेंटाइल प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था और आज एक बार फिर से बोर्ड परीक्षा में अव्वल स्थान पर कब्जा करके पुनः सफलता का परचम लहराया। यह बच्चों के परिश्रम, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के त्याग का सामूहिक परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत आर्यन ने बधाई दी।



**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

■ बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने के लिए बेसिक कंप्यूटर स्किल्स होना आवश्यक : सत्यवान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को प्लेसमेंट सेल के तत्वावधन में एनआईआईटी एक्सिस बैंक की तरफ से कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया की बैंकिंग के क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने के लिए आपको क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूडए जनरल अवेयरनेस, रीजनिंग, इंग्लिश तथा उसके अलावा बेसिक कंप्यूटर स्किल्स होना बेहद आवश्यक है। एक्सिस बैंक से आये प्रतिनिधित्व मनोज कश्यप व प्रतिभा चौधरी ने बताया कि चयन प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। प्रथम चरण में लगभग 86 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें से कुल 76 छात्रों का चयन किया गया। सभी चयनित छात्रों को भविष्य के लिए बधाई देते हुए प्लेसमेंट सेल के संचालक गौरव बंसल ने बताया की महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की तरफ से प्रत्येक वर्ष इस तरीके के कैंप का आयोजन करवाया जाता रहा है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार के शुभ अवसर प्रदान हो सके। लाखों युवा बैंक में नौकरी के लिए तैयारी करते हैं।




**जींद।** कैंपस प्लेसमेंट कैंप में भाग लेते हुए छात्र।

### हिब्रू विवि इजरायल में डा. जगपाल का प्रोफेसर के रूप में चयन



**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. जगपाल दहिया का हिब्रू विश्वविद्यालय (जेरूसलम) इजराइल में विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर चयन हुआ है। इसको लेकर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने डा. जगपाल दहिया को बधाई दी और कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए बहुत गौरव की बात है। इससे चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हुई है। इससे आगे भी रिसर्च के क्षेत्र में इतिहास विभाग व विद्यार्थियों को लाभ होगा। डा. जगपाल दहिया ने इससे पहले हिब्रू विश्वविद्यालय जेरूसलम इजराइल से पोस्ट डॉक्टरेट की उपाधि की हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** साइबर क्राइम के प्रति आमजन रहे सचेत

# पुलिस कर्मचारियों व आमजन को किया जागरूक

■ साइबर हेल्पलाइन 1930 का समझाया गया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रत्येक महिने के पहले बुधवार को पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार राहगीरी प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में एसपी उपासना के मार्गदर्शन में साइबर क्राईम थाना पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन कैथल में राहगीरी साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिला कैथल में आए पैरामिल्ट्री फोर्स के अधिकारियों-कर्मचारियों, जिला पुलिस कर्मचारियों व आमजन को साइबर अपराधो बारे जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर थाना पुलिस के एएसआई रविंद्र कुमार की टीम ने बताया कि आमजन सोशल मीडिया पर आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर कैथल पुलिस एवं ट्विटर पर साइबर दोस्त को लाइक करके पुलिस से संबंधित सभी जानकारियों से अपडेट रह सकते हैं।



पैरामिल्ट्री फोर्स के अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

इस दौरान थाना साइबर क्राईम पुलिस टीम ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरते व सतर्क रहकर एडवांस पे ना करें। सहायता करने के लिए यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है।